दिन– बुधवार

दिनांक– 26/02/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. नीतीश मंत्रिमंडल का हुआ विस्तार। भाजपा कोटे के सात नये मंत्री शामिल किए गए। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने राजभवन में आयोजित समारोह में दिलाई पद और गोपनीयता की शपथ।

02. मिथिलांचल से संजय सरावगी, जीवेश कुमार समेत चार सदस्यों ने ली शपथ। पूर्व मंत्री राजू कुमार सिंह भी मंत्रिमंडल में शामिल हुए।

03. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा–आगामी बिहार विधानसभा चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही लड़ा जायेगा।

04. और, महाशिवरात्रि का त्योहार श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। प्रदेश के विभिन्न भागों में निकाली जा रही है शिव बारात।

---

राज्य मंत्रिमंडल का आज विस्तार किया गया। इसमें भाजपा के कोटे से सात मंत्रियों को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने आज शाम राजभवन में आयोजित समारोह में नीतीश कुमार मंत्रिमंडल में शामिल किए गए सात नये मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुजफ्फरपुर जिले के साहेबगंज से विधायक राजू कुमार सिंह, सीतामढ़ी के रीगा से विधायक मोती लाल प्रसाद, सारण जिले के अमनौर से विधायक कृष्ण कुमार मंटू, नालंदा जिले के बिहारशरीफ से विधायक सुनील कुमार और अररिया जिले के सिकटी के विधायक विजय कुमार मंडल ने मंत्री के रूप में शपथ ग्रहण किया।

–––बाइट –––

दरभंगा जिले के दरभंगा सीट से विधायक संजय सरावगी और जाले से विधायक जीवेश कुमार मिश्रा ने मैथिली भाषा में मंत्री पद की शपथ ली।

–––बाइट –––

मोती लाल प्रसाद, कृष्ण कुमार मंटू, विजय कुमार मंडल, सुनील कुमार, और संजय सरावगी नये चेहरे के रूप में मंत्रिमंडल में शामिल हुए है। वहीं, जीवेश मिश्रा और राजु कुमार सिंह दुसरी बार मंत्री बनाए गए है। मंत्रिमंडल विस्तार के साथ राज्य मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत सदस्यों की संख्या बढ़कर छत्तीस हो गयी है। भाजपा कोटे के मंत्रियों की संख्या बढकर 21 हो गयी है। मंत्रिमंडल में जदयू से 13, हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा से एक शामिल है। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, विधान सभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव समेत एनडीए के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए।

---

मंत्रिमंडल में शामिल किए गए नये चेहरों ने अपनी जिम्मेदारियों को निष्ठापूर्वक पूरा करने का भरोसा दिया है। साहेबगंज के विधायक राजू कुमार सिंह ने कहा कि कम समय में भी जनहित में बड़े काम किए जा सकते है।

———बाइट———

दरभंगा से विधायक संजय सरावगी ने मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं का धन्यवाद किया है।

———बाइट———

सिकटी से विधायक विजय कुमार मंडल ने कहा कि सिमांचल के क्षेत्र में पिछड़ापन अधिक है। उन्होंने कहा कि वे इसे दुर करने का प्रयास करेंगे।

———बाइट———

---

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्य मंत्रिमंडल में शामिल किए गए नये मंत्रियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

———बाइट———

---

इससे पहले भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल ने आज सुबह राजस्व और भूमि सुधार मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने कहा कि भाजपा का सिद्धांत है एक व्यक्ति एक पद जिसके चलते उन्होंने पद को छोड़ दिया।

---

केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही लड़ा जायेगा। मधुबनी में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री सिंह ने कहा कि इसे लेकर एनडीए में कोई संशय नही है। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद और उनका परिवार सत्ता में वापसी का सपना देख रहा है।

———बाइट———

---

बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों का बजट सत्र 28 फरवरी से शुरु हो रहा है। सत्र को देखते दोनों सदनों की सर्वदलीय बैठक कल आयोजित की गयी। विधान सभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक में अध्यक्ष ने सभी सदस्यों से सदन के सुचारू संचालन में सहयोग मांगा। अध्यक्ष ने आशा जताई कि सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों पक्षों का सदन के सफल संचालन में सहयोग मिला। विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने भी विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ सर्वदलीय बैठक की। श्री सिंह ने बैठक के दौरान बजट सत्र के शांतिपूर्ण और सुचारू संचालन के लिए सभी दलों से सहयोग करने का आग्रह किया। बजट सत्र अट्ठाईस मार्च तक चलेगा। तीन मार्च को राज्य का वित्तीय वर्ष 2025 –26 का बजट पेश किया जायेगा।

---

अब खबरें महाकुंभ से–

———म्यूजिक———

प्रयागराज में, विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम महाकुंभ आज महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर संपन्न होने जा रहा है। देशभर से आये श्रद्धालु प्रयाग राज में सुबह से ही संगम और अन्य घाटों में डुबकी लगा रहे हैं। तेरह जनवरी को शुरू हुए महाकुंभ में अब तक पैंसठ करोड से अधिक श्रद्धालु डुबकी लगा चुके हैं। आज देर शाम तक महाकुंभ का अंतिम स्नान जारी रहेगा। गौरतलब है कि 144 वर्षों में केवल एक बार होने वाले एक दुर्लभ खगोलीय संयोग के कारण इस वर्ष महाकुंभ का महत्व और भी बढ़ गया है।

---

13 जनवरी से शुरु हुए प्रयाग राज महाकुंभ में बिहार से करोड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। एक रिपोर्ट–

–––बाइट–––

बच्चे–बडे बुजुर्ग और महिलाओं समेत समाज के सभी वर्ग के लोग इस पवित्र अवसर के साक्षी बने। उत्तर प्रदेश से लगने वाली सीमा से सटे जिलों बक्सर, कैमूर और सीवान से होकर सड़क मार्ग के रास्ते भी प्रयाग राज जाने वाले लोगों का तांता लगा रहा। सीमांचल के इलाकों में स्थित विभिन्न स्टेशनों पर भी इन श्रद्धालुओं का महाकुंभ जाने के लिए तांता लगा रहा। रेलवे इस आयोजन को सफल बनाने और जन सेवा में एक बड़ा भागीदार रहा। पूर्व मध्य रेलवे की ओर से 800 से अधिक रेलगाड़ियां श्रद्धालुओं के लिए चलाई गयी। इसमें बड़ी संख्या में कुंभ स्पेशल ट्रेन भी शामिल हैं। महाकुंभ के दौरान आम के साथ साथ खास लोग भी इस महा आयोजन में शामिल हुए। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां के अलावा बिहार के दोनों उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा इसमें शामिल हुए और आयोजन की भूरि भूरि प्रशंसा की। विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह के अलावा राज्य के कई मंत्रियों , विधायकों और निर्वाचित जन प्रतिनिधि भी महाकुंभ में शामिल होकर इस महा आयोजन के साक्षी बने। धर्मेन्द्र कुमार राय, आकाशवाणी समाचार, पटना

---

प्रसार भारती बोर्ड के अध्यक्ष नवनीत सहगल ने कहा है कि आकाशवाणी ने सदैव लोगों को देश की संस्कृति से जोड़ने में प्रमुख भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि आकाशवाणी लोक प्रसारक के रूप में अपने दायित्व गंभीरता से लेता है। महाकुंभ के अंतिम दिन अपने संदेश में श्री सहगल ने कहा कि प्रसारण में आकाशवाणी के कुंभवाणी चैनल ने लोगों को बहुत प्रभावित किया।

–––बाइट–––

इस विशेष चैनल कुंभवाणी ने 48 दिनों की एक छोटी सी यात्रा के दौरान बहुत लोगों को छुआ है। आकाशवाणी सभी से जुड़ा रहा है। आम आदमी से लेकर हमारे जो वहां महात्मा–गण थे हमारे जो वहां अखाड़े आए हमारे यहां वहांजो संतजन आये हैं,उन सबसेआकाशवाणी जुड़ा रहा है। भारतीय संस्कृति को जन–जन पहुंचने में आकाशवाणी की एकप्रमुख भूमिका रही है।

---

आकाशवाणी की महानिदेशक प्रज्ञा पालीवाल गौड़ ने कम समय में बड़ी संख्या में श्रोताओं तक पहुंचने में कुंभवाणी की सफलता की सराहना की। –

---

रेलवे ने महाशिवरात्रि स्नान के बाद अपने घरों को लौटने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अतिरिक्त रेल गाडियां चलाने के लिए विशेष प्रबंध किए हैं। रेलवे ने कहा है कि प्रयागराज के निकट अतिरिक्त डिब्बे तैयार हैं। रेलवे आज प्रयागराज से साढे तीन सौ रेल गाडियां चलाएगा। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव और रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार, संपूर्ण रेल परिचालन की निगरानी कर रहे हैं।

---

महाशिवरात्रि का त्योहार आज पारम्परिक श्रद्धा और भक्तिमय माहौल में मनाया जा रहा है।

–––म्यूजिक–––

महाशिवरात्रि, फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाई जाती है। महाशिवरात्रि को लेकर शिवालयों और मंदिरों में अहले सुबह से ही श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक कर रहे हैं। हमारे संवाददाताओं ने खबर दी है कि विभिन्न मंदिरों में भगवान शिव की पूजा–अर्चना केलिये श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। मुजफ्फरपुर के बाबा गरीबनाथ मंदिर, सोनपुर के हरिहरनाथ, सुल्तानगंज के अजगैबीनाथ, दरभंगा के कुशेश्वर स्थान, रोहतास के गुप्ताधाम और मधेपुरा केसिंहेश्वर स्थान मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु विशेष पूजा–अर्चना और जलाभिषेक में भाग ले रहे है। कई स्थानों पर शिव–पार्वती विवाह समारोह का भी आयोजन हो रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को महाशिवरात्रि की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

---

महाशिवरात्रि के अवसर पर पटना के खाजपुरा स्थित शिव मंदिर और गायघाट स्थित गौरीशंकर मंदिर में विशेष पूजा का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर शहर के विभिन्न भागों से शिव बारात और झांकी निकाली जा रही है। प्रशासन ने सभी प्रमुख मंदिरों और चौक–चौराहों पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये हैं।

–––म्यूजिक–––

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में इस वर्ष राज्य में आयोजित किए जाने वाले सेपक टाकरा विश्व कप दो हजार पच्चीस का लोगो तथा शुभंकर का अनावरण किया। सेपक टाकरा विश्व कप का आयोजन बीस से पच्चीस मार्च तक पटना के पाटलिपुत्र परिसर में किया जायेगा। श्री कुमार ने मुख्यमंत्री सचिवालय के संवाद कक्ष में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों में राज्य के पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविन्द्रण शंकरण समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

---

पटना में कलेक्ट्रेटघाट पर गंगा नदी में महाशिवरात्रि पर स्नान करने गए तीन युवकों के डूबने की आशंका जताई जा रही है। लापता युवकों की तलाश की जा रही है। इधर, खगड़िया जिले के परवत्ता थाना क्षेत्र अंतर्गत रूपौहली गंगा घाट पर स्नान के दौरान डूबने से एक युवक की मौत हो गई।

---

01. नीतीश मंत्रिमंडल का हुआ विस्तार। भाजपा कोटे के सात नये मंत्री शामिल किए गए। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने राजभावन में आयोजित समारोह में दिलाई पद और गोपनीयता की शपथ।

02. मिथिलांचल से संजय सरावगी, जीवेश कुमार समेत चार सदस्यों ने ली शपथ। पूर्व मंत्री राजू कुमार सिंह भी मंत्रिमंडल में शामिल हुए।

03. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा–आगामी बिहार विधानसभा चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही लड़ा जायेगा।

04. और, महाशिवरात्रि का त्योहार श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। प्रदेश के विभिन्न भागों में निकाली जा रही है शिव बारात।

---

समाप्त